THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Shri Jibon Roy and Shri Gurudas Das Gupta are not here. Now we shall take up the clarifications on the statement made by the Minister of Industry.

RE: CALL GIVEN BY NATIONAL CONVENTION OF THE COMMITTEE OF PUBLIC SECTOR TRADE UNIONS

For strike on 11th December, 1998

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Mr. Vice-Chairman, Sir, sufficient notice was not given to the House to make the statement. We have got a copy of the statement made by the hon. Minister.

Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Minister has appealed to the workers to withdraw the strike. Some of the constituents of this Government, the Trinamul Congress in West Bengal and the AIADMK in Tamil Nadu, are taking part in this agitation. I am told that even the trains will be stopped tomorrow. There will be a *rail roko*. I want to know whether the Government has discussed this matter in the Cabinet because in the Indian system of democracy the Government is a responsible Government. The AIADMK is part of the Government. Its Ministers are there in the Government. The very same constituent is supporting this agitation. This afternoon the hon. Minister has requested the workers to withdraw the strike. I would like to know whether any decision has been taken. When you took the decision to scrap eight public sector units, was it an arbitrary decision of your Ministry or of the Government?

Secondly, I think this is basically related to the closure. It is there in the National Agenda for Governance, in para 11, "we will work for eradication of unemployment". *Berozgari* is also there. But you are going to create unemployment of 10,000 people by your action of closing these units. Is it a fact that the State Government of Haryana has imposed section 144 of the IPC throughout the State? I think they are also in ally of your Government. I would like to know whether this is the way the Central Government is going to scuttle the voice of the people and the workers.

SHRI S.M. KRISHNA (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, the point which prompted him to come out with a statement was the situation created in Haryana. Section 144 of the IPC has been clamped down and certain preventive arrests have been made in Haryana under the various draconian laws which have been enacted in the State. But there is no word about Haryana in the statement. The provocation was only about the situation in Haryana.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir,... (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Do you want to seek clarifications now? I thought you had foreclosed your option.

SHRI JIBON ROY: No, Sir.

Mr. Vice-Chairman, Sir, it is kind of him that in response to the submissions made by me in the morning the Minister has made a statement and he has requested the workers to call off the strike on 11th December. I have raised other issues also and he has not responded to them. An issue which I raised was that since yesterday evening a kind of an emergency situation is prevailing in Haryana. A lot of people have been arrested. Section 144 has been imposed and ESMA has been clamped. They were arresting people till morning. We have come to know that similar steps are being taken by the Uttar Pradesh Government and the Maharashtra Government. We would like to have an assurance from the hon. Minister that no more people would be arrested. It is nice that the hon. Minister has made a statement. Would the Minister give an assurance that even if the unions do not

agree to withdraw the strike, he will not allow these things to happen? It is nice that the hon. Minister has made an appeal to the workers. Yesterday evening, the Labour Minister had called all the trade unions and made an appeal to the workers to call-off their strike. It is not that the workers feel happy to observe strike. It is the workers who suffer the most out of the strike. They observe strike only under compelling circumstances.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): You have made your point. Please sit down.

SHRI JIBON ROY: The hon. Minister has made an appeal to the workers to withdraw the strike. There is a point. We are under compulsion. The workers are under compulsion. In the National Agenda for Governance, it is mentioned that the workers will be partners of the government. The leader of the BMS in a meeting with the Prime Minister asked, "Sir, you had said that we are your partners, but you are not talking to us at all." They said "We have been discussing this issue since long". Even if it is correct, should you not discuss it with the workers? Should you not discuss it with the unions? After all, they are...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Please conclude. You are seeking clarifications. You should not take this much time. You are seeking an opportunity to make another fullfledged statement of your own.

SHRI JIBON ROY: Sir, the hon. Minister has made an appeal to the workers. Probably the workers are feeling that they have been ignored. Mr. Vice-Chairman, Sir, poverty is rising and unemployment is rising. I would like to take this opportunity to mention one more point. The system has become tyrant. The workers have been affected because of the price rise. The whole system has become tyrant because of the position taken by the Government. Last year, the PDS off-take had gone down by 20 per cent...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): This is an opinion. This is not a clarification. You should understand the difference between clarification and opinion.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Sir, an appeal should be backed up by certain concrete measures.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): He has appealed to the good sense and patriotism of the workers. Mr. Basu, your colleague is on his legs.

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, on what issue are they observing a strike? It is very nice of the Minister to come here and use this august House to issue an appeal. But, at the same time, this is our legitimate right to ask as to what package the Government is offering along with this appeal so that the workers can also respond favourably.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): He has already mentioned what the Government is offering.

SHRI JIBON ROY: There is no package.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): You cannot ask him to repeat the same thing, time and again.

SHRI JIBON ROY: Is there any package? Because of the wrong policy of the Government the workers and the people are suffering. Obviously, the workers should get an opportunity to ventilate their position also. I hope that, at least, after the 11th December, the Government would come to its senses, talk to the representatives of workers and redress their grievances.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): He will respond to your suggestions.

श्री रमा शंकर कौशिक (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जो मामला अभी राय साहब ने उठाया है, वह उससे अलग है, वह जो इंडस्ट्री वाला मामला था वह तो दे रहे थे जवाब। लेकिन अब जो यह

अपील आई है माननीय मंत्री जी की तरफ से, अखबार में दे देते, बाहर दे देते वह तो एक अलग बात थी लेकिन जब यह हाउस में आई है तो कुछ कंक्रीट प्रोपोजल लेकर आना चाहिए था... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी): ऐसा है कि उनका पूरा भाषण ही अपील था। थोड़ा सा था इस वजह से कि आसानी हो जाए। इसी वजह से वह कन्साइज बात अपील के रूप में की। अंग्रेजी में आ गया अब हिंदी में आ जाएगा। कौशिक जी वह एक ही चीज है।

श्री रमा शंकर कौशिक: हिंदी में है, यह सवाल नहीं है। इससे उसका कोई संबंध नहीं है श्रीमन। हमारा निवेदन तो यह है कि वे तो जवाब दे रहे हैं वह अपनी जगह सही है। उनकी तरफ से जो जवाब आ रहा है वह उनका अपना जवाब है। लेकिन यह जो अपील अब आई है श्रीमन—वह आपने देखी होगी—वह अपील अब आई और वह अपील...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी): वे कर रहे हैं ...**(व्यवधान)** वे कर रहे हैं...

श्री रमा शंकर कौशिक: यही बात है। उसको आना चाहिए कि कंक्रीट क्या प्रोपोजल है। उसके लिए प्रोपोजल वे बताएं ...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी): हां, वे बताएंगे। अब वे क्या जवाब देंगे यह तो वे ही तय कर सकते हैं ...**(व्यवधान)** कौशिक जी और बहुत काफी काम है आपके लिए।

SHRI J. CHITHARANJAN (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Minister has stated in his statement: "It is observed that the demands relate to major elements of economic policy, which have been evolved in our country over several years by successive Government." It is true that the economic reform policies were adopted in 1991, and these were being continued by various Government. That is true. But what we are concerned about is, how they affect the industrial sector; how they affect the various others sectors of the economy, and how the working class, the peasants and the agricultural labourers are being affected. And it is on that basis that we have formulated 24 demands. It was done on 12th August, 1998, in a Convention held at the Talkatora Stadium. We have formulated 24 demands. These 24 demands have been submitted to the Government, and the programme of strike was also announced at that time. The Government is well aware of it. But up till this time, the Government has not agreed to call the parties concerned and to discuss with them as to whether there are any genuine problems, and, if so, how they are to be settled and solved. They have not taken care of it. Yesterday evening, the Labour Minister called a Conference and made an appeal. Is this a serious approach that the Government is taking? The Government has taken a casual approach. In the same way, in a statement which the Minister made in the morning, he stated that the BIFR appoints an operating agency for preparation of a revival scheme, and sanctions of the revival scheme in case a viable and an acceptable scheme emerges. It is a fact that—everybody knows—the BIFR cannot make a revival package scheme. The Government is the employer, and it is the Government which has to take a serious view of it, and with the help of experts, and if necessary, also in consultation with the concerned trade unions or workers, prepare a package scheme wherever it can be revived. Instead of that, the attitude taken by the Government is casual, and it says, "if the BIFR prepares a scheme, we will take it up." The Government itself will have to take initiatives to prepare certain packages by which these units can be revived; in the same way, as regards various other issues as well. Therefore, I would like to know from the hon. Minister whether at least at this late hour—anyhow the strike is taking place tomorrow, but these issues are very important—the Government will try to make efforts and try to find out solutions for the issues which we have raised.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Sir, I would like to make the position of my party clear...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): But you were not present when he was replying to your queries. Anyway, you please seek your clarifications.

SHRI R. MARGABANDU: It is true that the AIADMK party had extended support to the strike which is taking place tomorrow. The reason is that our party is, basically, for the poor and the working-class. And it is only in their interest, in order to protect the interests of these poor and the working-class people that we have extended our support to this strike. This does not mean that we are against the Central Government.

We are bringing forth the grievances of the poor and the downtrodden people, especially the agricultural labour and others. We are bringing forth to the notice of the Central Government to take note of these things and to rectify and to provide prtection to those sections. It is only in that way, not in contradictions, or not against the Central Government, that we participate in this.

श्री रामजीलाल (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि प्रजातंत्र में हरेक वर्कर को और दूसरों को स्ट्राइक का अधिकार है। ...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): बहुत संक्षेप में कहिए।

श्री रामजीलाल: जी। यह दस सूत्री मांगों की जो बात यहां कही गई है मैं इस बात का समर्थन इसलिए करता हूं कि हरियाणा में भी यह हड़ताल की काल की गई। जब काल की गई तो वहां के मुख्य मंत्री ने सारे हरियाणा के जितने लीड़र्स थे, आपने अखबारों में पढ़ा होगा, सब को जेलों में डाल दिया। यह प्रजातंत्र के खिलाफ है, चाहे उनकी मांगे मानें या न मानें। ...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): रामजीलाल अपनी बात बहुत अच्छी तरह रख लेते हैं।

श्री रामजीलाल: कई दफ़ा उनकी बातें रखी गई और मुख्य मंत्री ने माना और उनकी स्ट्राइक भी तुड़ाई गई। अब दोबारा जो स्ट्राइक की काल दी गई तो यह उनका अधिकार है काल देने का, लेकिन यह बहुत बुरी बात है कि स्ट्राइक करने से पहले ही सब लीडर्स को जेल के अंदर डाल दिया। तो मेरी आपके द्वारा सदन से और मंत्री जी से प्रार्थना है कि इस तरह की ज्यादती आजाद देश के प्रजातंत्र राज में नहीं होनी चाहिए।

इन्हीं थोड़े शब्दों में, मैं आपसे ही कहना चाहता हूं कि हरियाणा में जब भी कोई बात होती है तो हमेशा ज्यादती होती रहती है, ऐसी ज्यादती नहीं होनी चाहिए।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, 11 दिसंबर, 1998 को द कमेटी ऑफ् पब्लिक सैक्टर ट्रेड यूनियनों द्वारा जो स्ट्राइक का आह्वान किया गया है मैं इसका अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से समर्थना करना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी ने बहुत सहानुभूति प्रकट की है और चिंता भी व्यक्त की है, इसलिए इनको भी धन्यवाद देना चाहता हूं। लेकिन मान्यवार, प्रजातंत्र मैं हमारा संवैधानिक अधिकार है, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का, जनता का या किसी भी पीड़ित व्यक्ति का कि जनतांत्रिक तरीके से, हड़ताल के माध्यम से, धरना के माध्यम से, प्रदर्शन के माध्यम से, बंध के माध्यम से हम अपने कष्टों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कर सकें और सरकार इस पर विचार करे। मान्यवर, आपका भी लम्बा अनुभव है और हम भी जानते है कि जितनी भी सरकारें रही हैं, सभी सरकारों के समय में इस तरह के धरने, प्रदर्शन, हड़ताल होते रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब इस तरह के प्रस्ताव होते है, तो हड़ताल करने वालों, धरना देने वालों पर, जो हमारा संवैधानिक तरीका है, संवैधानिक अधिकार है, उन पर अत्याचार करती है और उनका उत्पीड़न करती है। जिन-जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, वहां वे हमेशा उत्पीड़न कर रही हैं। मान्यवर, पिछले महीने 25 तारीख को लोकतांत्रिक मोर्चा, जो हमारी समाजवादी पार्टी और आर०जे०डी० का है ...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): आप इसी पर अपनी बात रखिए।

श्री ईश दत्त यादव: मैं इसी पर रख रहा हूं। मैं एक उदाहरण दे रहा हूं कि एक बंद का आह्वान किया था। उसमें हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया था कि हड़ताल मत करिए। तो हमारे नेता मुलायम सिंह जी ने कहा कि ठीक है, हम हड़ताल नहीं करेंगे, धरना दे देंगे गांधी जी की प्रतिमा पर धरना दे देंगे और डा० अंबेदकर की प्रतिमा के सामने हम धरना देंगे। यह हमारा अधिकार है। हमने

यह किया। लेकिन एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी की जो उत्तर प्रदेश की सरकार है उसने इसी समाजवादी पार्टी और आर०जे०डी० के कार्यकर्ताओं का बहुत उत्पीड़न किया। गिरफ्तारियां की, गिरफ्तार करके पिटाई की और जेलों में डाल दिया। अब जब यह 11 तारीख को प्रस्तावित हड़ताल है, जिनकी मांगे जायज़ हैं, जो अपनी सही मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं, उस पर मंत्री जी तो सहानुभूति प्रकट कर रहे हैं, चिंतित हैं, लेकिन इनकी जो सरकार है वह लोगों का उत्पीड़न कर रही है, जैसा माननीय सदस्य श्री रामजीलाल और अन्य माननीय सदस्यों ने कहा है। इसलिए मैं भी इस पर दुखित हूं और आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि वह इस सदन में यह घोषणा करें और अपनी सरकारों को, जो आपके कंट्रोल में सरकारें है, जो हड़ताल करने वाले लोगों का उत्पीड़न कर रही हैं, तत्काल उस उत्पीड़न को बंद करायें। इसके बारे में क्या माननीय मंत्री जी सदन में घोषणा करेंगे?

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आम तौर पर देखा गया है कि जब हड़ताल हो जाती है, उस के बाद वार्तालाप प्रारंभ होता है। मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं, बधाई देना चाहता हूं कि हड़ताल शुरू होने से पहले उन्होंने अपील जारी कर दी है और मैं समझता हूं कि इस अपील पर मजदूर जरूर गौर करेंगे।

उपसभाध्यक्ष जी: मैं एक बात कहना चाहता हूं: "साहिल के तमाशाई हर डूबने वाले पर, अफ़सोस तो करते हैं, इमदाद नहीं करते।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, जब से यह आर्थिक उदारीकरण हुआ है, उद्योग में क्षरण हो रहा है, खेती की पैदावार कम हो रही है, उद्योग बंद हो रही हैं और सारी अर्थ व्यवस्था चौपट हो रही है। यह जब कांग्रेस का राज था तब चौपट हो गयी, संयुक्त मोर्चा था तब चौपट हो गयी और आज भी चौपट हो रही है।

श्री नीलोत्पल बसु: इसका का मतलब है आप का भी हक बन गया है चौपट करने का?

श्री संघ प्रिय गौतम: देखिए आप में बड़ी बीमारी है कि आप सत्य को सुनते नहीं हैं और सत्य बोलते नहीं हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सरकार तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं और जितने भी कर्मचारियों के संगठन हैं, उन के पदाधिकारियों को बिठाकर एक दिन, दो दिन, तीन में पूरी अर्थ व्यवस्था, पूरे उद्योग, पूरी खेती और पूरी पैदावार पर चर्चा करे और आप लोग बजाय आलोचना के ईमानदारी से सुझाव दें ...**(व्यवधान)** बड़ी बीमारी है आप को ...**(व्यवधान)** मैं आप से पूछता हूं कि क्या बगैर आलोचना के ...**(व्यवधान)**

श्री लछमन सिंह (हरियाणा): गौतम जी आप बहुत बढ़िया आदमी है, आप इधर आ जाइए।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): वह बाद में विचार करेंगे।

श्री संघ प्रिय गौतम: अगर आप बढ़िया मानते है तो अपोजीशन में क्यों बिठा रहे हैं, मिनिस्टर क्यों नहीं बनवाते?

श्री सीताराम केसरी (बिहार): इन को पता नहीं कि आप भी टोपी पहने हुए हैं

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): केसरी जी, कह रहे हैं कि वह खुद और आप दो ही टोपी पहने हुए हो। इसीलिए ये अच्छे आदमी हैं।

श्री रमा शंकर कौशिक: हम आप की सिफारिश करेंगे मंत्री बनाने के लिए।

श्री ईश दत्त यादव: गौतम जी को मंत्री बनाया जाए, हम लोगों का पूरा समर्थन है।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): गौतम जी, बहुत हो गया, काफी बोल लिए।

श्री संघ प्रिय गौतम: उपसभाध्यक्ष जी, मुझे एक ही बात पूछनी है। क्या आप सब लोग ईमानदारी से जो आप के अनुभव हैं, ज्ञान है उस के आधार पर क्या ऐसे सुझाव देंगे कि इस देश की अर्थ-व्यवस्था सुसंचालित हो जाए और उद्योग न मरने पाएं। मेहरबानी कर के आलोचना करना छोड़ दीजिए और कुछ कांकरीट सुझाव दीजिए और सरकार से निवेदन करूंगा कि वह उन सुझावों को माने।

श्री शरीफ-उद्-दीन शरीफ (जम्मू और कश्मीर): जनाब वाइस-चेयरमेन, जनाब ऑनरेबल मिनिस्टर साहब की तरफ से जो स्टेटमेंट दिया गया है और वर्कर्स से हड़ताल वापिस लेने की अपील की गयी है या उस पर दोबारा गौर करने की अपील की गयी है, यह वाकयी एक मोहज्जब कदम है और एक मोहज्जब सरकार को फौरी तौर पर वर्कर्स की डिमांड्स की तरफ तवज्जो देनी चाहिए, जैसे ये कहते हैं। वाइस-चेयरमेन साहब, एक जम्हूरी निज़ाम का मिज़ाज यह होता है कि शरीफ़ाना तौर

पर अगर हड़ताल की जाए, धरना दिया जाए, स्ट्राइक की जाए तो उन पर तशद्दुद की बातें, जैसे इन्होंने कहा तशद्दुद और लाठीचार्ज वगैरा-ये दोनों चीजें इकट्ठी नहीं चलेंगी जम्हूरियत और लाठीचार्ज दोनों इकट्ठी नहीं चलतीं। इसमें बात कही जाती है और बात सुननी चाहिए। इस सिलसिले में इनके स्टेटमेंट में है कि नेशनल कन्वेंसन आफ द कमेटी आन पब्लिक सेक्टर ट्रेड यूनियन की जो कल हड़ताल है, उसमें उनका ओवरआल दस पाइंट चार्टर्ड आफ डिमांड है। एकार्डिंग टू द स्टेटमेंट उन्होंने दस पाइंट गवर्नमेंट के सामने रखे है। मैं यहां यह गुजारिश करूंगा कि हमारे मुल्क में, इतने बड़े मुल्क में सबसे ज्यादा बड़ी अहमियत जो है, वह इसी लेबर क्लास की है, वर्किंग क्लास की है। इसमें कोई शक नहीं है, कोई दो राए नहीं है और सभी लोग मानते है कि इसकी सबसे बड़ी अहमियत मुल्क में है। यह रीढ़ की हड्डी है मुल्क की इकतिसादी के लिए और इसलिए इसको नजरअंदाज किसी सूरत में नहीं किया जा सकता।

सदर साहब, मैं जनाबे मिनिस्टर साहब से जानना चाहूंगा कि जो दस पाइंट उन्होंने दिए है, उनमें से कितने पाइंट आप मान रहे हैं?· इसका ठोस जवाब मिलना चाहिए कि हम चार पाइंट अभी मान लेंगे, चार पाइंट पर गौर किया जा सकता है। अगर आप सिर्फ अपील ही कर रहे है तो फिर मामला निपटना बड़ा मुश्किल है। यह आप क्लीयर-कट जवाब दे दें कि इन दस पाइंट में आप कितने मान रहे है, कितने मानने की पोजीशन में हैं और कितने मानने की पोजीशन में नहीं है? मुख्तसर बात इतनी है और हम इसमें अगर सियासत लाएंगे तो वह अच्छी बात नहीं रहेगी। शुक्रिया।

श्री जलालुद्दीन अंसारी (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री जीवन राय जी ने जो विषय सदन में रखा, उस पर माननीय उद्योग मंत्री जी का जो बयान आया है, उस संदर्भ में मैं यह कहना चाहता हूं कि उन्होंने अपील तो की है कि इस प्रस्तावित हड़ताल को वे लोग वापस ले लें, लेकिन जिन दस सूत्री मांगों को लेकर उनकी ट्रेड यूनियन कई महीनों से इस सवाल को सरकार के सामने रख रहे थे और जिनको लेकर वह अभियान चला रहे है, उन पर सरकार ने क्या किया? इसमें इन्होंने कहा है कि सरकार चिंतित है और उनके हितों के लिए सजग है, ध्यान रख रही है।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी॰ एन॰ चतुर्वेदी): थोड़ा संक्षेप में रख लीजिए।

श्री जलालुद्दीन अंसारी: अगर यह सरकार चिंतित है, उनके हितों को ध्यान में रखती है तो दस सूत्री मांग के संबंध में क्या ट्रेड यूनियनों की जो कोर्डिनेशन कमेटी है उससे सरकार की बात हुई? अगर हुई तो उनकी दस सूत्री मांगों को मानने के लिए सरकार तैयार है? हम समझते है कि अगर सरकार इनकी प्रमुख मांगों को समय पर स्वीकार कर लेती तो संभवतः 11 दिसम्बर की प्रस्तावित हड़ताल को वह लोग वापस ले सकते थे। आपने कहा है कि मौजूदा सरकार जो है, वह उनके हितों का काफी ख्याल रखती है, मगर मेरा कहना है कि अगर आप इस लोकतांत्रिक देश में ट्रेड यूनियनों से बातचीत करके उनकी मांगों पर विचार करते, उनकी मांगों को मान लेते तो कल जो 11 दिसम्बर को हड़ताल होने जा रही है वह नहीं होती। सरकार की जिद के कारण यह ट्रेड यूनियन की कोर्डिनेशनल कमेटी और उसके साथ जो राष्ट्रीय यूनियन है, वह सब मजबूर है कि हड़ताल में जाएं। इस संबंध में हमारा यह भी कहना है कि आप अगर जोर-जबरदस्ती के जरिए इस हड़ताल को रोकना चाहेंगे, पुलिस और प्रकाशन के बल पर दबाना चाहेंगे तो इसके अच्छी नतीजे नहीं होंगे बल्कि इसके दूरगामी नतीजे होंगे, परिणाम होंगे। दमन के बल पर किसी भी देश में और इस देश में भी मजदूर वर्ग के आंदोलन को न दबाया जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है। हम लोगों की यह मजबूत समझ है और उनकी जो मांगें हैं वह जायज है।

महोदय, अभी जब बहस हो रही थी उसमें यह बात आई थी कि पब्लिक सेक्टर की जो कंपनी या कारखाने है, उनको पुनरोद्धार योजना में लाने के लिए वह लड़ रहे है। एक प्रमुख मांग उनकी यह है, लेकिन सरकार साफ तौर पर यह कहने के लिए तैयार नहीं है कि हम इन पब्लिक सेक्टर की अर्ध-बीमार, बीमार कंपनियों को, कारखानों को पुनरोद्धार योजना में लाने जा रहे है। वर्षों से यह मामला लटकता चला आ रहा है इसके कारण। इसके कारण उनके बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। एक प्रमुख कारण यह है असंतोष बढ़ने का और अगर आप इस समस्या का समाधान नहीं करेंगे तो मेरी आशंका है....

उपसभाध्यक्ष (श्री टी॰ एन॰ चतुर्वेदी): यह प्वाइंट आपने कई दफा कह दिया है, अब समाप्त कीजिए।

श्री जलालुद्दीन अंसारी: मेरी आशंका है कि शांतिपूर्ण तरीके से नहीं, आप उनको मजबूर कर रहे है कि वे एक गंभीर आंदोलन की ओर जाएं, सड़कों पर उतरें और उससे स्थिति बिगड़ेगी। यह सिर्फ लॉ एंड

आर्डर का सवाल नहीं है, इससे देश के आर्थिक विकास का सवाल जुड़ा हुआ है। इसलिए अभी भी हम माननीय मंत्री जी से कहना चाहेंगे कि उनकी मांगों पर आप सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनकी मांगों को मानें ताकि भविष्य में भी इस तरह का आंदोलन करने के लिए वे बाध्य न हो सकें। हम चाहेंगे कि सदन में इस आशय का एक आश्वासन आप दें ताकि पूरे देश के मजदूर यह जान सकें कि आपको उनकी चिंता है और आप उनकी मांगों को पूरा करना चाहते हैं। शुक्रिया।

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Sir, I have some specific questions to put. Sir, the hon. Minister has referred to the 10 point charter of demands. Sir, in the morning when the hon. Minister was replying to a question, he said that it was confiend only to the industrial sector. Here I would like to refer to the speech made by late Shri Rajiv Gandhi when he was replying to a debate on the Budget. He was holding the charge of the Ministry of Finance also at that time. ....*(Interruptions)*....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): Mr. Virumbi, look towards me. ....*(Interruptions)*.... If you look at Jibon Roy, then your speech will be altogether different. You please directly establish report with me. ....*(Interruptions)*....

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, when he was replying to the debate on the Budget, he said that we would not go into the question of profit or loss of the public sector, but we should go into the question of service being provided by the public sector. They may incur losses because they are rendering services to the society. When they are giving services to the society, they may incur losses also. Sir, I feel that the Government should have come here earlier before taking any final decision. If the Government finds that these PSUs are not economically viable or feasible, it should have come here earlier. Sir, I would like to know whether the Government has held any discussion with the labour leaders. If they have consulted the labour leaders, I would like to know what the outcome is. If they have not consulted the labour leaders, I would like to know what the outcome is. If they have not consulted the labour leaders, then I would like to know the reasons for the same.

Another point that I would like to submit is that they are talking of losses incurred by these untis. I would like to know what those items are which will be imported after the closure of those units which are manufacturing them. I would like to know whether the improted items are more beneficial than those which are being manufactured by these units.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): For the second clarification, I think, you will have to put a separate question.

श्री नरेश यादव (बिहार): महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी ने जो उत्तर दिया है और मजदूरों के प्रति, ट्रेड यूनियंस के प्रति आपने जो चिंता जताई है, हमदर्दी दिखाई है, उसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं और कहना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी जिन अल्फाज़ का उपयोग अपने वक्तव्य में करते हैं, इसमें भी उन्हीं अल्फाज़ का उपयोग किया है। लेकिन आपके माध्यम से एक बात जानना चाहता हूं कि कोई भी विभाग हो, कोई मंत्री हो सब की जिम्मेदारी एक होती है। इसी सदन में पूर्व दूरसंचार मंत्री ने कागज का पन्ना फहराते हुए डाक कर्मचारियों के प्रति काफी जोश और खरोश से कही थी कि मैं उनके प्रति हमदर्दी रखती हूं और मांग पूरी करूंगी। परन्तु आज तक शायद पूरी नहीं हुई तो आपके वायदे पर कैसे एतवार किया जाए। आपका वायदा वायदा है। वायदा सच्चा नहीं है। यह आप बताएंगे। वैसे व्यक्तिगत रूप से आपके बारे में अलग ख्याल है लेकिन जो सरकार है कुल मिलाकर के मुझे आपके वायदे पर कोई एतवार नहीं है। अगर आप कह सकते है तो कहें। इसलिए मैं यह कहूंगा आपके माध्यम से कि आपकी सरकार की नीति ही मजदूर विरोधी है और इसलिए कल की जो हड़ताल है वह मजदूरों के हित में, देश हित में है। आप पर कोई एतवार हम लोगों को नहीं है। आ करके प्रधान मंत्री जी कुछ कहें तो कोई बात बन सकती है क्योंकि सारी जिम्मेदारी उन्हीं पर है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): I have only on short question. the matter is like this. Whether the workers, whether the common people have a right to go on a peaceful agitation, including strike. this is a Constitutionally given right. Nobody can take that away. The country has been pushed into a condition where you are facing strike action from different sections. The postal employees have threatened a strike; the employees of the Doordarshan and All India Radio have given a call for strike. Tomorrow, there is a strike from different Central Government trade unions of the country. With this background, I would like to know only one answer from the hon. Minister, whether he is aware that a repression has been let loose by the Government of Haryana which is close to the city of Delhi. Sir, repression has been let loose. Today morning, I received a number of telephone calls. A number of trade union leaders belonging to banking sector, belonging to insurance and other sectors, have just been picked up in the early hours from their homes and they have been launched in police stations. Not only that; Section 144 has been imposed and it looks as if the Government of Haryana has clamped emergency. Today morning, I called Mr. Advani over telephone and informed him about the developments. Next, I called the hon. Prime Minister over telephone. I wanted to know from the hon. Prime Minister whether there has been any direction from the Central Government that there should be repression let loose to ensure more strikes take place. As per his understanding, the hon. Prime Minister said that there was no such direction from the Central Government. I do not know. I would like to know from the hon. Minister of Industry whether the Central Government approved this draconian move which is going to accentuate the confrontation of the workers with the Government. I would like to know whether the Government would like to face the situation and whether the Government approved of what is happening.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी॰ एन॰ चतुर्वेदी): संक्षेप में उनका आप जवाब दे दीजिए।

श्री सिकन्दर बख्त: आपने पूछा कि इन अंटरटेकिंग्स को बाईड-अप करने का फैसला हुआ, क्या वह यूनेनिमस था? बिल्कुल यूनेनिमस था, केबिनेट की सतह पर फैसला हुआ और यूनेनिमस था। दूसरे, आपने जो सवाल पूछा वह मैं लिख नहीं सका।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी॰ एन॰ चतुर्वेदी): वही किया था हरियाणा गवर्नमेंट के डिसीजन के बारे में।...(**व्यवधान**) It is a question of viewpoint...(*Interruptions*)...

SHRI JOHN F. FERNANDES: It is in black and white...(*Interruptions*)...

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): कृष्णा साहब ने, जीवन साहब ने, नीलोत्पल बसु साहब ने, कौशिक साहब ने, चितरंजन साहब का जरा हटकर मामला है, उन्होंने हरियाणा के वर्कर्स की स्ट्राइक का जिक्र किया है। इसका जिकर करने वालों में रामजी लाल जी हैं और मैं सबके नाम लेता हूं। शरीफ साहब हैं, जलालुदीन साहब हैं, ईश दत्त यादव साहब हैं, नरेश यादव जी हैं, उन्होंने सबने स्ट्राइक का जिक्र किया है। स्ट्राइक का जहां तक सिलसिला है मुझे तो खबर यहां हाउस में मिली है। मैं हालात को जानता नहीं, मेरी किसी से टेलीफोन पर बात नहीं हुई है, लेकिन हालात मालूम किए जा सकते हैं। अगर गुरूदास दासगुप्त साहब की प्रधान मंत्री से और होम मिनिस्टर साहब से बात हो गई है तो मुझसे जवाब की उम्मीद करने का कोई फायदा नहीं है। एक बात और कही गई है जो चितरंजन साहब ने कही है।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री टी॰ एन॰ चतुर्वेदी): वह तो पहले उन्होंने अपने भाषण में कह दिया है। आप आगे बोलिए।

श्री सिकन्दर बख्त: अच्छा, आल राइट। चितरंजन साहब ने एक बात कही है और इसको एक साहब ने और दोहराया है, टेन पाइंट प्रोग्राम जलालुदीन अंसारी साहब ने दोहराया है। आपने फरमाया है कि आपने टेन पाइंट डिमांड कोई अगस्त में भेजी है, किसको भेजी है, वह कम से कम मुझ तक नहीं पहुंची है। उसमें किस किस्म की सहूलियतों की मांग की गई है उसके बारे में

मुझे मालूम हो तभी मैं किसी किस्म का कोई तफसरा कर सकता हूं। गौतम साहब की तकरीर तो बहुत ही साहित्यिक थी, उसमें इत्तिफाक न करने की कोई वजह नहीं है। गौतम जी यहां पर नहीं हैं।

सदर साहब, ज्यादातर हरियाणा में जो कुछ हुआ है उसके बारे में है। फैक्ट यह है कि मैं उस पर किसी किस्म का कमेंट्स करने की हैसियत में नहीं हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N.CHATURVEDI): We will now take up the Short Duration Discussion on Sugar Policy.

SHORT DURATION DISCUSSION

Sugar Policy (contd.)

श्री रमाशंकर कौशिक (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, चीनी उद्योग हमारे देश में इस प्रकार का उद्योग है जिसके लिए विभिन्न उद्देश्य रखे गए हैं। वह केवल एक इंडस्ट्री के रूप में नहीं, वरन् उसके कई उद्देश्य ऐसे रखे गए जो जनता के लिए,हमारे देश के विकास के लिए, हमारे देश के किसानों के विकास के लिए और करोड़ों लोग जो उपभोक्ता है, उनके हितों की रक्षा करने के लिए चीनी उद्योग का विशेष दर्जा हमारे देश में रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे किसानों की स्थिति आजादी से पहले और आजादी के बाद भी कोई बहुत बेहतर नहीं रही है। पहले बहुत बदतर, खराब स्थिति थी और अब कुछ अच्छी हुई है लेकिन उनकी हालत पूरी तरह से सुधरी नहीं है। उनकी उपज का जो लागत मूल्य होता है वह भी उनको नहीं मिल पाता है। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि जैसे कि गन्ने की खेती है या तिलहन की खेती है या और जो ऐसी चीजें हैं जिनको कैश क्राप्स कहा जाता है, अगर वह न हो तो हमारे किसानों की स्थिति तो बहुत खराब हो जाएगी। इसी दृष्टि से इस उद्योग को बढ़ावा दिया गया है, इसको सुरक्षा दी गई है। यह भी सही बात है कि इस उद्योग से उम्मीदें भी बहुत रखी गई हैं। हमारे देश में पांच करोड़ लोग गन्ने की खेती करते हैं और उन पांच करोड़ लोगों के पीछे लगभग 30 करोड़ लोग अपनी माली हैसियत को स्थिर कर पाते हैं। चूंकि और उपजों में तो उनको उतना भी नहीं मिल पाता है। गन्ने की फसल से थोड़ा-बहुत लाभ उनको अपने विकास के काम में, अपने स्वास्थ्य के मामले में, अपने पढ़ने-लिखने के मामले में होता है। इस दृष्टि से अगर हम देखें तो हमें अपने चीनी उद्योग को इस प्रकार से करना पड़ेगा कि वह किसान का हित भी करे, वह हमारे मजदूर का भी हित करे और यह भी एक हकीकत है। आज की दुनिया में जबकि कम्प्यूटराइजेशन का जमाना है, इस जमाने में भी इस इंडस्ट्री के जरिए से जितना एम्पलायमेंट मिलता है उतना और किसी इंडस्ट्री से नहीं मिलता है। आज की स्थिति में भी यह बात है। लाखों लोग इससे इम्पलाइमेंट पाते हैं। करीब 25-30 लाख लोग डायरेक्ट इससे इम्पलाइमेंट पाते हैं और 25-30 लाख से नीचे दूसरे लोग इनडायरेक्ट इससे इम्पलाइमेंट पाते हैं। हमारे यहां बेरोजगारी तो है ही। इसको दूर करने की दृष्टि से, किसानों का हित साधने की दृष्टि से और करोड़ों उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से भी चीनी उद्योग को हमारे यहां विशेष दर्जा दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी० एन० चतुर्वेदी): आपके 6 मिनट बचे हैं केवल सुझाव दे दीजिए। वस्तुस्थिति तो आपने बता दी है।

श्री रमाशंकर कौशिक: महोदय, अगर हम इस दृष्टि से देखें तो हमें चीनी उद्योग को इस प्रकार से करना होगा कि इससे किसान का अधिक से अधिक हित हो। आज किसान को अधिक से अधिक 70-72 रुपए क्विंटल के हिसाब से गन्ने की कीमत मिलती है। मैं भी मानता हूं और हमारी पार्टी भी इस बात को मानती है कि कम से कम सौ रुपये क्विंटल आज की तारीख में उसकी कीमत होनी चाहिए और आगे जैसी स्थिति हो उसमें वह कीमत बढ़ती रहनी चाहिए। इसी प्रकार से हम इसको इम्पलाइमेंट की दृष्टि से भी देख रहे हैं। इसके चार उद्देश्य मैंने विशेष रूप से बताये। मजदूरों, किसानों, उपभोक्ताओं और हमारे देश के विकास के लिए, इन चार उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है। आज भी पांच सौ करोड़ रुपया किसानों का मिल-मालिकों के ऊपर बकाया है और इसकी भी कोई व्यवस्था हम नहीं कर पा रहे हैं।

इम्पलाइमेंट की दृष्टि से चीनी उद्योग में कई ऐसी मिलें हैं जो सिक हो रही हैं। उनकी तरफ सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। उपभोक्ताओं को जिस प्रकार से चीनी मिलनी चाहिए उस प्रकार से आज उनको चीनी नहीं मिलती है। हालांकि इसके लिए राशन कार्ड की व्यवस्था है। देहात के लोगों को आज कितनी चीनी मिल रही है और ठीक से उनके पास चीनी पहुंच भी रही है या नहीं, इसकी तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। अगर इस दृष्टि से हम देखें तो हमको ऐसे चीनी उद्योग की व्यवस्था करनी पड़ेगी जो इस उद्योग में लगे हुए लोग हैं उनको हमें संरक्षण देना पड़े। इसमें कोई संकोच नहीं है।